बिहार में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदम

1946. **श्री राघवजी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने बिहार में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए हैं; और

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार के अनेक भागों में माफिया गिरोहों की सक्रियता के कारण नागरिकों को पलायन करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है; यदि हां, तो इसकी रोकथाम के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार "लोक व्यवस्था" राज्य का विषय है, अतः कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी मुख्यतः राज्य सरकारों की है । संवैधानिक सीमाओं के भीतर, केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को केवल पारमर्शी ही जारी नहीं कर रही है अपितु राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण की स्कीम के अन्तर्गत वित्तीय सहायता भी दे रही है । मई, 1997 से, बिहार राज्य सरकार को, अपने पुलिस बल का आधुनिकीकरण करने के लिए कुल 10.16 करोड़ रु. की वित्तीय सहायता की गयी है । अपनी पुलिस से संबंधित मूल संरचना के उन्नयन के लिए राज्य सरकार दसवें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार 62.96 करोड़ रु. का अनुदान भी ले रही है । इसके अतिरिक्त बिहार सरकार को केन्द्रीय अर्ध सैनिक बलों, क्रेडिट आधार पर, 1.20 करोड़ रु. के वायरलैस सेट, शस्त्र और गोलाबारूद भी उपलब्ध कराए गए हैं ।

(ख) माफिया गिरोह की गतिविधियों के कारण लोगों द्वारा पलायन करने के बारे में सूचना सिद्ध नहीं हो पायी है

चम्बा विश्वास मामला

1947. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिनांक 25 अगस्त 1998 के दैनिक जागरण में "हरिजन' आई.ए.एस. अधिकारी की पत्नी के साथ दुष्कर्म का मामला--राजद नेता वह उसके पुत्र समेत पांच के खिलाफ वारट जारी" शीर्षक से प्रकाशित समाचार पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है; और

(ख) क्या इस संबंध में कोई जांच की गई है, यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) और (ख) राज्य सरकार से सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

Training of Terrorists by Pakistan

1948. SHRI BANGARU LAXMAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased o state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item captioned "Stop training of terrorist, Pak told" published in the Times of India dated 13th November, 1998 (Ahmedabad edition):

(b) if so, the details thereof; and

(c) the effective measures taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L. K. ADVANI): (a) to (c) Yes, Sir. Government of India had proposed the following